# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन के उत्तर प्रदेश–पार्टनरशिप कॉन्क्लेव को किया संबोधित। कहा– प्राकृतिक खेती से राज्य में आ रहा बड़ा बदलाव।
- वक्फ बिल पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा– समिति ने हर पक्ष को सुना। अब रिपोर्ट प्रस्तुत करने की है तैयारी।
- उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित। दिसंबर के तीसरे सप्ताह में प्रमाणपत्रों की होगी जांच और जनवरी के तीसरे सप्ताह में होगा फिटनेस टेस्ट।
- प्रसार भारती ने लांच किया अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म। दर्शक निशुल्क ले सकेंगे बारह से अधिक भाषाओं और दस से अधिक शैलियों में निर्मित कार्यक्रमों का आनंद।
- बुलंदशहर में कल रात हुयी एक सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वर्ल्ड बैंक और गेट्स फाउंडेशन द्वारा लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश– पार्टनरशिप कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में कई बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। प्रदेश सरकार हर स्तर पर किसानों को प्रोत्साहित करने के प्रयास कर रही है। श्री योगी ने कहा कि तकनीक के माध्यम से सक्सेस स्टोरी को लोगों तक पहुंचाने से ही उचित परिणाम मिल सकेंगे।

***किसान की उत्पादकता को बढ़ाना, लेकिन उसकी लागत को कम करना एक एकड़ खेती में एक किसान की लागत 12 से 15,000 कम होती है नेचुरल फार्मिंग में लेकिन जितना वह केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग करके एक एकड़ खेती में उत्पादन करता है, लगभग उतना उत्पादन कर सकता है वह नेचुरल फार्मिंग सिंचाई की भी आवश्यकता उसमें कम पड़ती है। केमिकल फ्री है, फर्टिलाइजर फ्री है, पेस्टिसाइड वगैरह की किसी भी उसकी आवश्यकता उसमें नहीं है। और उसके बहुत अच्छे परिणाम हैं, लेकिन इसको अभी लार्ज स्केल में करने के लिए किसानों को उसके लिए तैयार करना है। हम लोग लगातार इसमें प्रयास कर रहे हैं।***

**********

वक्फ बिल को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति की कल दिल्ली में बैठक आयोजित हुई। समिति को आगामी पच्चीस नवम्बर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। बैठक के बाद आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने अल्पसंख्यक समुदाय को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस विषय पर हर पक्ष को सुना गया है।

***अभी तक जॉइंट पार्लियामेंटरी कमेटी की 26 बैठकें दिल्ली में हो चुकी हैं और इस 26 बैठकों में तमाम जो माइनाइटिस की ऑर्गेनाइजेशन है, उनसे मिले इस्लामिक स्कॉलर्स से मिले और खुद जो हमारा अल्पसंख्यक मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ माइनाइटी अफेयर्स है, उनकी भी पांच बैठकें हुई हैं। 5 दिन विपक्ष उस पर लगातार दबाव।हम है कि अभी इसको और बढ़ाना चाहिए, लेकिन अब हमें मैंडेट मिला है कि हम विंटर सेशन इसको देंगे, तो हम तो स्पीकर्स आपके मैंडेट के हिसाब से हमने रिपोर्ट्स में काफी तैयारियां पूरी कर ली है।***

**********

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार ने देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर सड़क संपर्क प्रदान किया है। बिहार के गया में तीन हजार सात सौ करोड़ रुपये की लागत वाली छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि बुद्ध सर्किट को चार और छह लेन की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार राम–जानकी सर्किट विकसित कर रही है।

***राम जानकी मार्ग जो है पांच हजार करोड रुपए की लागत से चार सौ 53 किलोमीटर मार्ग रामजानकी मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। बिहार में दो सौ चालीस किलोमीटर फॉरलेन राम जानकी मार्ग बन रहा है, जिसमें मेहरोना घाट से सिवान होकर मसरत तक 21 सौ करोड की लागत से 90 किलोमीटर फॉरलेन का काम फरवरी 2025 तक शुरू हो जाएगा।***

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ में किसानों को फॉस्फेटिक उर्वरक समय से उपलब्ध कराने के लिये समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री शाही ने भारत सरकार की ओर से प्रदेश में प्राप्त की जा रही फॉस्फेटिक उर्वरक के स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि नवम्बर की बीस तारीख तक प्रदेश को फॉस्फेटिक उर्वरक की एक सौ साठ रैक प्राप्त हुयी है, जिसमें करीब सैंतीस हजार मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक है। उन्हें यह भी जानकारी दी गयी कि अक्टूबर की अपेक्षा नवम्बर

माह में फॉस्फेटिक उर्वरक की आपूर्ति बढ़ गयी है। बैठक के बाद कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि उर्वरक की प्रदेश में कोई कमी नहीं है , इसलिये वह इसका भण्डारण न करें।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–दो हजार तेइस की परीक्षा के परिणाम कल घोषित कर दिये। यह परीक्षा पिछली अगस्त में संपन्न हुई थी। बोर्ड ने प्रमाण पत्रों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण के लिए योग्य अभ्यर्थियों की सूची अपनी वेबसाइट यूपीपीबीपीबी डॉट जीओवी डॉट इन पर जारी कर दी है। एक रिपोर्ट–

***मेरिट के आधार पर आरक्षण को ध्यान में रखते हुए निर्धारित पदों के मुकाबले ढाई गुना यानी एक लाख 74 हज़ार 316 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए योग्य घोषित किया गया है। यह चयनित अभ्यर्थी अब चयन प्रक्रिया के अगले चरण में अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण के लिए आमंत्रित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि नागरिक पुलिस में आरक्षी के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के लिए आयोजित इस लिखित परीक्षा में समान कट ऑफ अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को अगले चरण की मेरिट में सम्मिलित किया गया है। अभिलेखों की जांच दिसंबर के तीसरे सप्ताह में होगी और शारीरिक दक्षता परीक्षा जनवरी, 2025 के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

गोवा में कल पचपनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से दर्शक बारह से अधिक भाषाओं और दस से अधिक शैलियों में निर्मित कार्यक्रमों का बिना कोई शुल्क दिये आनंद ले सकेंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने बताया कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है।

***डिजिटल माध्यम से हमारी ऑडियनसिज़ काफी कुछ कन्टेंट प्राप्त कर रही है, तो यह उचित ही है कि प्रसार भारती भी डिजिटल डोमेन में प्रवेश करे और इसके माध्यम से भारत भर में तो लोग रह रहे हैं, उन तक अपना कन्टेंट पहुंचा सके। आने वाले दिनों में भी हमारा यही प्रयास है कि जो हमारी लगेसी है जो हमारी हिस्ट्री है उसको हम लोग और मजबूती से नए डोमेन में भी आगे बढ़ाएं।***

अट्ठाइस नवम्बर तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय पैनोरमा, के तहत पच्चीस फीचर फिल्में और बीस गैर–फीचर फिल्में प्रदर्शित की जायेगी।

**********

केन्द्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल लखनऊ में आयोजित  विश्वकर्मा श्रम सम्मान  और एक जनपद–एक उत्पाद योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि ''विश्वकर्मा श्रम सम्मान'' और ''एक जनपद–एक उत्पाद'' जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को सम्मान मिल रहा है।

**********

गुजरात के गोधरा मे ंहुई घटना पर बनी बहुचर्चित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में यह फिल्म देखी जिसके बाद उन्होंने यह घोषण की। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वास्तविक सच को देश की जनता के सामने लाने का यह प्रयास सराहनीय है। फिल्म को कल प्रदेश भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने–अपने जिले में देखा।

**********

वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाना का एएसआई से सर्वे कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर कल प्रयागराज हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई के लिये अगली तिथि दो दिसम्बर निर्धारित की गयी है।

**********

बुलंदशहर के देहात कोतवाली क्षेत्र में कल देर रात एक ऑटो और कैंटर के बीच टक्कर हो गयी जिसमें तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में सभी तीनों महिलायें एक ही परिवार की थीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऑटो में सवार लोग एक विवाह समारोह में हिस्सा लेकर अपने घर लौट रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवारों को हर सम्भव मदद के निर्देश दिये हैं।

**********